अमृत विचार

बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली , सोमवार, 18 अगस्त 2025

सुविचार

खुशियों का एक द्वार बंद होता है, तो दूसरा खुल जाता है, लेकिन हम बंद दरवाजे को ही देखते रहते हैं और दूसरे दरवाजे अनदेखे रह जाते हैं।

-स्वामी विवेकानंद

बरेली के प्रमुख समाचार

- सांप के डसने पर नहीं हारी हिम्मत, डिब्बे में बंदकर पहुंचा अस्पताल -II
- एलएलबी की पहली ओपन मेरिट जारी, आज और कल होंगे प्रवेश-III
- मनमोहक झांकियों के साथ निकली भव्य दधिकांदों शोभायात्रा -IV

सिटी ब्रीफ

शहर के कई परिषदीय विद्यालय तीन दिन तक रहेंगे बंद

बरेली, अमृत विचार : आला हजरत उर्स में भारी भीड़ के पहुंचने के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए विद्यालयों को तीन दिन तक बंद करने के आदेश दिए हैं। बीएसए संजय सिंह ने आदेश जारी किया कि 18, 19 और 20 अगस्त को प्राथमिक विद्यालय कहरवान व बिहारीपुर, कंपोजिट विद्यालय मॉडल किशोर बाजार को बंद रखा जाएगा। इसके साथ ही उर्स के अंतिम दिन 20 अगस्त को नगर क्षेत्र के यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई और बेसिक शिक्षा परिषद से जुड़े सभी स्कूलों के साथ ही कॉलेज, आईटीआई, पॉलिटेक्निक और तकनीकी संस्थान भी बंद रहेंगे। वहीं परिषदीय विद्यालयों में 18 से 23 अगस्त तक होने वाली सत्र परीक्षाओं की तिथि आगे बढ़ा दी गई है। बेसिक शिक्षा निदेशक ने बीएसए को पत्र जारी कर कक्षा 1 से 8 की परीक्षाएं 25 से 30 अगस्त तक कराने के निर्देश दिए हैं।

सेटेलाइट स्टैंड से तीन दिन मिलेंगी रोडवेज की बसें, 50 रहेंगी रिजर्व

बरेली, अमृत विचार : उर्स-ए-रजवी पर तीन दिन तक रूट डायवर्जन की वजह से पुराने बस अड्डा बंद रहेगा और सभी रूटों की बसें सेटेलाइट बस अड्डे से ही चलेंगी। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि दिल्ली, रामपुर, नैनीताल रोड, पीलीभीत रोड की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें जिनको बदायूं जाना है वह बिलवा, इन्वर्टिस तिराहा, फतेहगंज पूर्वी से दातागंज होकर जा सकेंगी और इसी मार्ग से वापस आएंगी। वहीं, सेटेलाइट बस स्टैंड के लिए दिल्ली, रामपुर, नैनीताल रोड, पीलीभीत रोड से आने वाली रोडवेज बसें झुमका से बड़ा बाइपास होकर इन्वर्टिस तिराहे से सेटेलाइट बस स्टैंड तक आएंगी। बदायूं की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें जिनको बरेली आना है वह देवचरा चौराहे से दातागंज से फतेहगंज पूर्वी से फरीदपुर, इन्वर्टिस तिराहा होकर सेटेलाइट बस स्टैंड तक आ सकेंगी। रुहेलखंड डिपो के एआरएम अरुण कुमार वाजपेई ने बताया कि उर्स के दौरान 50 से अधिक रोडवेज बसें रिजर्व में रखी गई हैं ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें तुरंत सेवा में लगाया जा सके।

मौसम ने दिन में कई रंग बदले, तीन दिन बारिश के आसार

बरेली, अमृत विचार : जिले में रविवार को मौसम में कई बार बदलाव हुआ। रविवार को दिन की शुरुआत धूप से होने से पारा चढ़ गया। दोपहर में तेज बारिश हुई लेकिन फिर धूप खिलने से उमस भरी गर्मी बढ़ गई। शाम को बादल छाने और बारिश होने से गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार अभी तीन दिन हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। जिले में अधिकतम तापमान 34 .7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 .1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते 24 घंटे में दो मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। हवा में नमी सुबह 88 प्रतिशत और शाम को 81 प्रतिशत दर्ज की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 21 अगस्त तक हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज रहने का पूर्वानुमान है।

छोलिया टीम ने दी प्रस्तुति

7 वें विश्व हरेला महोत्सव पर वृक्षा बंधन रैली के दौरान नृत्य प्रस्तुत करती छोलिया टीम। संबंधित खबर (पेज III) पर ● अमृत विचार

अब बिना चरित्र सत्यापन के नहीं बनेगा स्टांप लाइसेंस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला निबंधक एवं एडीएम फाइनेंस ने लागू की नई व्यवस्था
- आवेदक को पुलिस की चरित्र सत्यापन रिपोर्ट लगानी अनिवार्य
- अभी तक बिना चरित्र सत्यापन रिपोर्ट के लाइसेंस होते थे जारी

अमृत विचार : स्टांप बेचने के लिए अधिकृत लाइसेंस बनवाने के लिए अब आवेदक को पुलिस से अपना चरित्र प्रमाणपत्र भी बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला निबंधक एवं एडीएम फाइनेंस संतोष कुमार सिंह ने नई व्यवस्था लागू की है। अभी तक पुलिस से चरित्र सत्यापन रिपोर्ट के बिना ही लाइसेंस जारी किए जाते थे। इस व्यवस्था से सैकड़ों की संख्या में लाइसेंस धारियों के नवीनीकरण पर संकट आ सकता है।

जिला निबंधक संतोष कुमार सिंह ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि संज्ञान में आया है कि विलेख लेखक जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए लाइसेंस जारी किए जाने से पूर्व आवेदक का चरित्र सत्यापन नहीं कराया जाता है। मात्र उप निबंधक की आख्या के आधार पर लाइसेंस जारी कर दिए जाते हैं। इस संबंध में एडीएम फाइसेंस ने मुख्य निबंधन लिपिक को निर्देशित किया है कि नवीन लाइसेंस जारी किए जाने से पूर्व उप निबंधक की रिपोर्ट के साथ-साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के माध्यम से आवेदक का चरित्र सत्यापन कराना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त पूर्व में जारी या क्रियाशील विलेख लेखक लाइसेंसधारकों को भी लाइसेंस नवीनीकरण के लिए लाइसेंस प्रस्तुत करने पर पुलिस की चरित्र सत्यापन रिपोर्ट लगाना अनिवार्य है। फिलहाल, इस बाबत निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

परचम कुशाई की रस्म से आज होगा उर्स-ए-रजवी का आगाज

इस्लामिया मैदान पर रात में होगा तरही नातिया मुशायरा, तैयारियां चाक चौबंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : 107 वें उर्स-ए-रजवी की तैयारियां पूरी हो गई हैं। सोमवार को परचम कुशाई की रस्म के साथ तीन रोजा उर्स का आगाज होगा। परचम कुशाई की रस्म दरगाह परिसर व इस्लामिया मैदान में अदा की जाएगी। रात में तरही नातिया मुशायरा होगा, जिसमें देश-विदेश के शोहरा अपने कलाम पेश करेंगे।

उर्स- ए-रजवी को लेकर दरगाह आला हजरत से इस्लामिया मैदान तक रौनक दिख रही है। दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि दरगाह के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की कयादत में परचम का जुलूस आजम नगर से अल्लाह बख्श के निवास से सोमवार शाम 4 बजे निकलेगा। यह जुलूस आजम नगर से कुमार सिनेमा, इंदिरा मार्केट, बिहारीपुर ढाल होते हुए दरगाह पहुंचेगा। जहां सलामी देने के बाद जुलूस दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां की कयादत में वापस इस्लामिया मैदान पहुंचेगा। दुनियाभर के उलमा की मौजूदगी में सुब्हानी मियां इस्लामिया मैदान के गेट पर रजवी परचम लगाकर परचम कुशाई से उर्स का ऐलान करेंगे। उसके बाद मिलाद की महफिल का आयोजन होगा। रात में 10 बजकर 35 मिनट पर आला हजरत के बड़े साहिबजादे हुज्जातुल इस्लाम के कुल शरीफ की रस्म अदा होगी। इसके बाद नातिया मुशायरा अहसन मियां की सदारत में शुरू होगा। मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने बताया कि मुशायरे में देश विदेश के शायर कलाम पेश करेंगे। उर्स की व्यवस्था कमान मौलाना जाहिद रजा, मौलाना बशीर उल कादरी, परवेज नूरी, शाहिद नूरी, अजमल नूरी, ताहिर अल्वी, औरंगजेब नूरी, नासिर कुरैशी, मंजूर रजा, नफीस खान, शान रजा, मुजाहिद बेग, सय्यद फैजान अली, यूनुस गद्दी, रईस रजा, तारिक सईद, मुजाहिद रजा,आले नबी संभाल रहे हैं।

उर्स-ए-रजवी को लेकर इस्लामिया मैदान में बुक स्टाल के लिए पंडाल तैयार करते मजदूर और कर्मचारी। ● अमृत विचार

अजमेर के संदल से महक उठी दरगाह

बरेली, अमृत विचार : उर्स-ए-रजवी की पूर्व संध्या पर रविवार देर रात दरगाह आला हजरत पर अजमेर का संदल पेश किया गया। दरगाह की गलियों में उर्स की रौनक दिखने लगी है। दरगाह आला हजरत पर अजमेर शरीफ ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह से आया संदल, केवड़ा व गुलाब दरगाह प्रमुख मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां), सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) अजमेर शरीफ के गद्दीनाशीन सय्यद सुल्तान उल हसन चिश्ती व सय्यद आसिफ मियां ने गुस्ल के रस्म अदा कर संदल, केवड़ा व गुलाब पेश किया। इसके बाद चादर व फूल पेश किए। दरगाह के नासिर कुरैशी ने बताया कि रूहानी महफिल उलमा की मौजूदगी में अदा की गई। मुफ्ती आकिल रजवी, मुफ्ती सलीम नूरी, मुफ्ती सय्यद कफील हाशमी, मुफ्ती अय्यूब नूरी, मुफ्ती मोइनुद्दीन, मुफ्ती सय्यद शाकिर अली, कारी अब्दुरहमान कादरी, मौलाना डॉ. एजाज अंजुम, मुफ्ती जमील, राशिद अली खान, औरंगजेब नूरी, परवेज नूरी, शाहिद नूरी, शान रजा, अजमल नूरी, ताहिर अल्वी, मंजूर रजा, मुजाहिद रजा आदि मौजूद रहे।

शहर में जायरीन की आमद शुरू

उर्स में शामिल होने के लिए देश विदेश से जायरीन की आमद शुरू हो चुकी है। दरगाह पर अकीदतमंदों का तांता लगा है। लोग गुलपोशी और फातिहाख्वानी कर रहे हैं। साउथ अफ्रिका, मॉरीशस नेपाल समेत केरला उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान, झारखंड, गोवा, कर्नाटक के अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों से जायरीन शहर पहुंच चुके हैं।

उर्स की व्यवस्थाओं का नगर आयुक्त ने लिया जायजा

बरेली, अमृत विचार : नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने रविवार को टीम के साथ इस्लामिया इंटर कालेज में उर्स-ए-रजवी की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई, प्रकाश, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं देर शाम तक पूरी कर लें ताकि उर्स में आने वाले जायरीन को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था पर ज्यादा जोर दिया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी, सफाई निरीक्षक, सुपरवाइजरों, सफाई कर्मचारियों समेत अन्य की जिम्मेदारी तय करते हुए निर्देश दिए कि उर्स के दौरान व्यवस्थाओं पर खासा फोकस रहे। उन्होंने दरगाह कमेटी के लोगों के साथ बातचीत करने के बाद उर्स में होने वाली बिजली, पानी और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

मानसून : गाजियाबाद में सबसे कम, बिजनौर में सर्वाधिक बारिश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पिछले 15 दिनों में बिजनौर में 544 मिमी और गाजियाबाद में 30 मिली बारिश दर्ज
- बरेली में 286.3 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है, प्रदेश में तीसरे स्थान पर बरकरार

अमृत विचार : दक्षिण-पश्चिम मानसून की सक्रियता पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में इस बार काफी असमान रही है। मौसम विभाग द्वारा एक अगस्त से 16 अगस्त तक जारी आंकड़ों के अनुसार कहीं झमाझम बारिश हुई है तो कहीं सूखे जैसे हालात बने हुए हैं। प्रदेश में अब तक बिजनौर में सर्वाधिक 544 मिमी और गाजियाबाद 30 मिमी में सबसे कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। बरेली में बारिश की स्थिति ठीक रही है। यहां पर इस अवधि में 286 मिमी बारिश हुई है।

पश्चिम उत्तर प्रदेश के 33 जिलों में बिजनौर में सर्वाधिक 544 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। लगातार हो रही तेज वर्षा ने यहां जलस्तर को बढ़ाया है और नदियों में उफान की स्थिति बनी हुई है। वहीं, मुरादाबाद जिले में भी मानसून मेहरबान रहा है और यहां अच्छी खासी वर्षा दर्ज की गई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार यहां 322 मिली बारिश रिकॉर्ड की गई। बरेली जिले का हाल भी इस बार बेहतर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, बरेली में अब तक 286.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है,

रविवार को दिन में काले बादल छाए रहे।

जिससे यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक वर्षा वाले जिलों में तीसरे स्थान पर है। यहां समय-समय पर हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं और धान की फसल को बड़ी राहत मिली है। इस सबके विपरीत गाजियाबाद जिले में मानसून काफी कमजोर साबित हुआ है। यहां अब तक केवल 30 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में सबसे कम है। कम बारिश की वजह से यहां के किसानों को सिंचाई के लिए नलकूपों और ट्यूबवेलों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगस्त के शेष दिनों में भी बारिश सिलसिला जारी रहेगा, जिससे बारिश की कमी वाले जिलों को आंशिक राहत मिल सकती है। हालांकि, अब तक के आंकड़े साफ कर देते हैं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मानसून का प्रभाव असमान रहा है। बिजनौर और मुरादाबाद जैसे जिलों में भारी वर्षा ने जहां जलभराव और बाढ़ जैसी स्थितियां उत्पन्न कर दी हैं।

सबसे कम वर्षा वाले जिले

गाजियाबाद 30 .5 मिमी
गौतम बुद्ध नगर 61.1 मिमी
हापुड़ 72 .5 मिमी
झांसी 77 .6 मिमी
महोबा 88 .3 मिमी

टॉप-5 सर्वाधिक वर्षा वाले जिले

बिजनौर 544 मिमी
मुरादाबाद 322 मिमी
बरेली 286 .6 मिमी
शाहजहांपुर 285 .6 मिमी
बदायूं 242 .2 मिमी

रामगंगानगर फीडर ब्रेकडाउन, तीन घंटे तक गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दधिकांदों यात्रा के चलते पूरा दिन रहा शटडाउन
- सर्किट हाउस फीडर पर सप्लाई फेल होने से रहा संकट

अमृत विचार: रामगंगानगर फीडर पर रविवार शाम ब्रेकडाउन होने से तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं दधिकांदों यात्रा के चलते पुराना शहर और सिंधु नगर के इलाकों में पूरे दिन शटडाउन होने से आपूर्ति बाधित रही। सर्किट हाउस फीडर पर भी फाल्ट के चलते ट्रिपिंग की समस्या रही। वहीं शहर के अन्य इलाकों में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग के साथ काम कराने को लेकर लिए गए शटडाउन के चलते बिजली गुल रही।

हरुनगला सबस्टेशन के रामगंगानगर फीडर पर रविवार शाम 5: 30 बजे ब्रेकडाउन में लाइन होने से कई सेक्टर में बिजली गुल हो गई। जिसके बाद रात 8:30 बजे के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को बहाल कराया गया। सर्किट हाउस फीडर पर सप्लाई फेल होने से एक घंटा तक आपूर्ति बाधित रही। वहीं कटरा चांद खां समेत अन्य इलाकों में पूरे दिन शटडाउन होने से उपभोक्ता परेशान हुए। आईएमए हॉल में आयोजित हरेला महोत्सव कार्यक्रम के दौरान भी आधे घंटे तक बिजली गुल रही।

इज्जतनगर के गोपालनगर फीडर पर बंच केबल डालने के काम के चलते 100 फुटा रोड समेत अन्य जगह पर सुबह 11 से दोपहर 3:30 बजे तक का शटडाउन रहा। वहीं परसाखेड़ा सबस्टेशन पर बिजनेस प्लान योजना का काम होने से सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक इंडस्ट्रियल एरिया परसाखेड़ा, छोटी एस्टेट, जौहरपुर, मथुरापुर, नदोसी, परसाखेड़ा में बिजली गुल रही। वहीं रात 8 बजे जगतपुर सबस्टेशन पर फ्लैश ओवर होने से एक घंटे से अधिक देर तक आपूर्ति गुल रही। रविवार शाम को ट्रांसपोर्टनगर इलाके में भी बिजली का संकट बना रहा। इसके अलावा हरुनगला के लक्ष्य फीडर पर फाल्ट होने से दिनभर ट्रिपिंग और कटौती की समस्या बनी रही। मिशन, कुतुबखाना, शाहदाना और सिविल लाइंस के साथ सुभाषनगर क्षेत्र में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान हुए।

गोपालनगर फीडर पर आज 6 घंटे रहेगा शटडाउन

33/11 केवी विद्युत सबस्टेशन इज्जतनगर के 11 केवी गोपालनगर फीडर पर सोमवार को बंच केबल डालने का काम किया जाएगा। जिसके चलते 100 फुटा रोड, मिथिलापुरी क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक बाधित रहेगी।

मंत्री को मिलीं घटिया टाइल्स, सिडको के जेई की सेवाएं समाप्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- समाज कल्याण विभाग 1.5 करोड़ की लागत से भोजीपुरा में बनवा रहा विद्यालय
- घटिया सामग्री के इस्तेमाल पर समाज कल्याण राज्यमंत्री ने अफसरों को भी चेताया

अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री असीम अरुण ने रविवार को डेढ़ करोड़ की लागत से भोजीपुरा के गोपालपुर गांव में बन रहे जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (बालक) का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य में अनियमितता पाए जाने पर मंत्री का पारा चढ़ गया। उन्होंने तत्काल ही कार्यदायी संस्था सिडको के आउटसोर्सिंग पर कार्यरत अवर अभियंता (जेई) माज खान की सेवाएं समाप्त करने के एक्सईएन को निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नए जेई की नियुक्ति कर अफसरों को खुद की निगरानी में मरम्मत कार्य को तय मानकों के अनुसार समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए।

भोजीपुरा में निर्माणाधीन विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश देते समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री असीम अरुण।

राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों को बेहतर शिक्षा एंव सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विद्यालय निर्माण को डेढ़ करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से विद्यालय भवन को नया स्वरूप देने का कार्य किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य है कि यहां पढ़ने वाले बच्चों को फर्नीचर से लेकर भोजन तक सभी व्यवस्थाएं गुणवत्तापूर्ण ढंग से मिलें। लेकिन, भोजीपुरा के सर्वोदय विद्यालय में कराए जा रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता से खिलवाड़ किया जा रहा था। विद्यालय में लगी टाइल्स घटिया मिलने पर संबंधित जेई की तत्काल सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अफसरों से स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सिडको के अधिशासी अभियंता चरण सिंह आर्य, समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, डीडीओ दिनेश यादव समेत कई अधिकारी निरीक्षण के दौरान मंत्री के साथ मौजूद रहे।

असीम अरुण बोले- कन्नौज में भाजपा के वोट काटे गए

सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मंत्री असीम अरुण ने कहा कि वह स्वयं कन्नौज से विधायक हैं और अखिलेश यादव वहीं से सांसद हैं। इस लोकसभा चुनाव में कोई भी बूथ ऐसा नहीं बचा जहां भाजपा के वोट न कटे हों। हर जगह 10 से 15 ऐसे वोटर मिले जिनके नाम गलत तरीके से वोटर लिस्ट से हटा दिए गए थे। यह चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी का बड़ा सबूत है। मंत्री असीम अरुण ने आरोप लगाया कि जहां भाजपा समर्थकों के वोट काटे गए, वहीं दूसरी ओर अखिलेश यादव के वोट बढ़े हुए मिले। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि पूरे प्रदेश में किसको कितना लाभ हुआ, लेकिन कन्नौज में इसका सीधा फायदा अखिलेश यादव को हुआ।

वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थी घर से ऑनलाइन कर सकेंगे सत्यापन

मंत्री ने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन के लिए अब फैमिली आईडी सॉफ्टवेयर से लाभार्थियों की पहचान होगी। पेंशन पाने वालों को दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अधिकारी उनके घर जाकर प्रक्रिया पूरी करेंगे। असीम अरुण ने बताया कि पहले कई वृद्धजन को मृत घोषित कर पेंशन रोक दी जाती थी। अब मोदी सरकार की नई पहल के तहत 'जीवन प्रमाण पोर्टल' का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे बुजुर्ग बिना घर से निकले ही ऑनलाइन प्रमाणपत्र दे सकते हैं। जैसे पेंशनर्स देते हैं, वैसे ही अब वृद्धावस्था पेंशन वाले भी इसका लाभ ले सकेंगे।

सिटी ब्रीफ

सभी तहसीलों में आज आयोजित होगा संपूर्ण समाधान दिवस

बरेली, अमृत विचार : सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस सोमवार को आयोजित किया जाएगा। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की वजह से शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन नहीं किया जा सका था। डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मीरगंज तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। संपूर्ण समाधान दिवस सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाता है।

बाइक चोरी कर जुगाड़ वाहन बनाने वालों की तलाश तेज

बरेली, अमृत विचार : दो पहिया वाहनों को चोरी कर उसे कटवा कर जुगाड़ वाहन बनाने वाले गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने दबिश तेज कर दी है। पुलिस ने संभावित ठिकानों पर दबिश दी लेकिन, आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से दूर हैं। पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर 10 वाहन बरामद किए थे। बारादरी पुलिस ने मोहल्ला गायत्री नगर के गौतम कुमार, जोगी नवादा के राज राठौर, ध्रुव राठौर, प्रेमनगर के कनिष्क भटनागर, संजयनगर के कपिल राठौर और हजियापुर के अरमान को गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा था। गैंग का सरगना गौतम हाल ही में जेल से छूटकर जमानत पर बाहर आया था।

लेनदेन को लेकर महिला को पीटा, सात पर रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : बारादरी थाना क्षेत्र में रुपयों के लेदनेन को लेकर सात आरोपियों ने घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गोसाई गौंटिया की सीमा ने बताया कि शनिवार शाम को उसके घर में विनोद गिरी, मोनू, सुनील पुरी, सचिन, विनोद, आशा समेत मोनू की पत्नी जान्हवी घुस गए और मारपीट की, जिससे उसके पति और बेटे घायल हो गए। वह बचाने गईं तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

उर्स और शोभायात्रा सकुशल संपन्न कराने को प्रशासन मुस्तैद

उर्स -ए- रजवी को लेकर शहर में चार सुपर जोन, आठ जोन बनाए, 16 जोनल मजिस्ट्रेट, 28 मजिस्ट्रेट और 56 सेक्टर मजिस्ट्रेट किये गए तैनात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: तीन रोजा आला हजरत उर्स और मां गंगा महारानी की शोभायात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए हैं। डीएम अविनाश सिंह ने आयोजन को चार सुपर जोन और आठ जोन में बांटा है। इनमें 16 जोनल मजिस्ट्रेट, 28 मजिस्ट्रेट और 56 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं। रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर डीएम ने अधिकारियों की ब्रीफिंग की और उन्हें लोगों के साथ अच्छा व्यवहार रखने के निर्देश दिए, ताकि जब लोग यहां से अपने क्षेत्र में जाएं तो व्यवस्थाओं और सौहार्द की प्रशंसा करें।

डीएम ने बैठक कर बताया कि 18, 19 और 20 अगस्त को आयोजित होने वाले आला हजरत उर्स और 19 अगस्त को मां गंगा महारानी की शोभायात्रा शहर में निकलेगी। मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये कि सभी अधिकारी अपने-अपने ड्यूटी प्वाइंटस को अनिवार्य रूप से देख लें। उर्स में देश विदेश से लाखों की संख्या में अकीदतमंद आते हैं, इसके साथ ही 19 अगस्त को मां गंगा महारानी की शोभायात्रा भी निकलेगी, जिसमें अच्छी खासी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं। दोनों ही आयोजनों को भली प्रकार सम्पन्न कराना हमारा उद्देश्य है। इसके लिए दो पालियों में ड्यूटियां लगाई गई हैं। कोई भी मजिस्ट्रेट अपनी ड्यूटी स्थल को तब तक न छोड़ें, जब तक दूसरा मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर न आ जाए। बैठक में एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एडीएम ई पूर्णिमा सिंह, एडीएम फाइनेंस संतोष कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीसी मनरेगा आदि उप जिलाधिकारी व नामित मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह।

आठ एसपी समेत दो हजार जवान रहेंगे तैनात

बरेली, अमृत विचार : उर्स के मद्देनजर एसएसपी अनुराग आर्य ने शहर को चार सुपर जोन, आठ जोन समेत 29 सेक्टरों में बांट दिया है। सुरक्षा के लिहाज से आठ एडिशनल एसपी समेत दो हजार पुलिस जवानों को तैनात किया है। इतना ही नहीं ड्रोन कैमरों से युक्त पुलिस की तीन टीमें खास नजर रखेंगी। खुराफात करने वाले उपद्रवियों को चिह्नित कर उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने ड्यूटी पर लगाए गए पुलिसकर्मियों को खास निर्देश दिए हैं कि वह पूरी तरह से अलर्ट रहें। लाखों की संख्या में जायरीन पहुंचने से सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से चौकस रखा गया है। जिले के अलावा दूसरे जिले से चार एडिशनल एसपी, 12 सीओ, 60 इंस्पेक्टर, 250 दरोगा, 1350 आरक्षी और मुख्य आरक्षी, 150 महिला आरक्षी, 25 ट्रैफिक टीआई और टीएसआई, 150 ट्रैफिक आरक्षी की ड्यूटी लगाई गई है। जिले से चार एडिशनल एसपी, आठ सीओ, 50 इंस्पेक्टर, नौ कंपनी पीएसी समेत पुलिस की तीन ड्रोन टीम लगाई गई हैं। सुरक्षा में लगाए गए कुछ पुलिस कर्मी सादे कपड़ों में भी तैनात किए गए हैं। एसएसपी ने बताया कि उर्स के मद्देनजर आठ एडिशनल एसपी समेत दो हजार से अधिक पुलिस जवानों की तैनाती की गई है।

अधिकारियों ने समझाई ड्यूटी

उर्स को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए एडीएम सिटी, एसपी सिटी और एसपी साउथ ने पुलिस लाइन में अधिकारियों और कर्मचारियों की ब्रीफिंग की। ब्रीफिंग के दौरान फोर्स को निर्देश दिए गए की उर्स स्थल, मुख्य मार्गों एवं भीड़-भाड़ वाले संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। जायरीन की भीड़ को देखते हुए विशेष यातायात व्यवस्था लागू की जाए। अफवाहों एवं भ्रामक संदेशों पर विशेष नजर रखें।

कोई भी अधिकारी बिना अनुमति जिला मुख्यालय छोड़कर न जाए, कंट्रोल रूम में बताएं समस्या

डीएम ने कहा है कि किसी मजिस्ट्रेट को किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह कंट्रोल रूम नंबर 5812428183 या फिर 5812422202 पर भी काल करके जानकारी दे सकता है। सभी अधिकारी भ्रमणशील रहें। कोई भी जिला स्तरीय अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़कर न जाए। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए।

एसडीएम और बीडीओ लगातार गोशालाओं का निरीक्षण करें: डीएम

डीएम ने सभी एसडीएम और खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि गोशालाओं का निरीक्षण लगातार करते रहें और व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिसकी लापरवाही सामने आएगी, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सांप के डसने पर नहीं हारी हिम्मत, डिब्बे में बंदकर पहुंच गया जिला अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: घास काटते समय एक किसान को सांप ने काट लिया। उसके बाद किसान ने हिम्मत दिखाते हुए सांप को पकड़ लिया और घर ले जाकर उसे एक डिब्बे में बंद कर दिया। उसके बाद सांप को साथ लेकर जिला अस्पताल में इलाज के लिए पहुंच गया। सांप को देखकर डॉक्टर और अन्य स्टाफ डर गया। किसान को भर्ती कर उसका उपचार शुरू किया गया।

नवाबगंज क्षेत्र के हरदुआ निवासी लालता प्रसाद घास काट रहा था। इसी बीच घास से निकले एक सांप ने उसके पैर में काट लिया लेकिन लालता प्रसाद ने हिम्मत नहीं हारी और सांप को पकड़कर घर ले आया। घर पहुंचकर उसे एक डिब्बे में बंद कर दिया और फिर इलाज कराने के लिए बेटे के साथ जिला अस्पताल पहुंचे।

अस्पताल पहुंचकर उसने डॉक्टरों को बताया कि घास काटते समय उसे सांप ने काट लिया था। जिसे वह पकड़कर डिब्बे में बंद करके लाया है। डॉक्टरों ने सांप को अलग रखकर युवक को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करके उसका उपचार शुरू किया। युवक के सांप पकड़कर अस्पताल में लाने का मामला पूरा दिन चर्चा का विषय बना रहा।

अस्पताल में भर्ती किसान।

डिब्बे में बंद सांप। ● अमृत विचार

सोशल मीडिया पर छात्रा के डाल रहे अश्लील मेसेज

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर थाना क्षेत्र में शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल की छात्रा शोहदे की हरकतों से परेशान है। आरोपी उसके नाम से फर्जी आईडी बना कर सोशल मीडिया पर अश्लील मेसेज डाल रहे हैं। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़िता के पिता ने बताया कि उसकी बेटी एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ती है। आरोप है कि शनिवार शाम 7 बजे उसके सहपाठी ने बताया कि उसकी फर्जी इंस्टाग्राम आईडी किसी ने बना ली है और वह अभद्र भाषा का प्रयोग कर चरित्रहीन बातें लिख रहा है। मेसेज कर विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है।

उर्स के मद्देनजर आज से शहर में तीन दिन तक रहेगा रूट डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भारी वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित, छोटे वाहन भी कई जगह प्रतिबंधित

अमृत विचार : आला हजरत (उर्स-ए-रजवी) के अवसर पर 18 से 20 अगस्त तक शहर में रूट डायवर्जन रहेगा। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खां ने बताया कि इस दौरान भारी और हल्के वाहनों का डायवर्जन रहेगा।

झुमका तिराहा, रोड नंबर-एक परसाखेड़ा, बिलवा अंडरपास, विलयधाम अंडरपास, लालपुर, गांव कट, नवदिया झादा, इन्वर्टिस तिराहा, ट्रांसपोर्टनगर गेट, बुखारा मोड़, रामगंगा तिराहा से सभी प्रकार के भारी वाहन शहर क्षेत्र में प्रतिबंधित रहेंगे।

दिल्ली, नैनीताल, पीलीभीत रोड की तरफ से आने वाले भारी वाहन झुमका तिराहा, परसाखेड़ा रोड नंबर-1, 2, 3, 4 से परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में आ सकेंगे, जबकि, बिलवा, विलयधाम, नवदिया झादा से इन्वर्टिस तिराहे से ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेंगे और बड़ा बाईपास से फरीदपुर होकर लखनऊ जा सकेंगे। लखनऊ से दिल्ली जाने वाले वाहन भी इसी मार्ग से होकर जाएंगे। बदायूं की ओर जाने वाले वाहन फतेहगंज पूर्वी से नवादा मोड़ से दातागंज, देवचरा होकर जा सकेंगे और इसी मार्ग से वापस आ सकेंगे। दिल्ली, नैनीताल और पीलीभीत रोड की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें विलवा, विलयधाम, इन्वर्टिस तिराहा, फतेहगंज पूर्वी से दातागंज होकर जा सकेंगी और इसी मार्ग से वापस जाएंगी। जबकि 19 अगस्त को सुबह 8 बजे से उर्स की समाप्ति तक सभी प्रकार के चार पहिया वाहन, ऑटो, ई-रिक्शा को ईसाइयों की पुलिया, गांधी उद्यान, चौकी चौराहा, चौपुला चौराहा, मिनी बाईपास, इज्जतनगर तिराहा, कुदेशिया अंडरपास, अशोक नगर तिराहा, सूद धर्म कांटा, मूर्ति नर्सिंग होम तिराहा, शहामतगंज चौराहे से पटेल चौक, नावल्टी चौराहा, कुतुबखाना, इस्लामियां, किला क्रासिंग, कोहाड़ापीर की तरफ प्रतिबंधित रहेंगे।

बिथरी थाने से एक किमी दूरी पर गोवंशीय पशुओं के मिले अवशेष

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर थाने से एक किलोमीटर की दूरी पर गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिले। सुबह ग्रामीणों ने देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर शव को दफन कराया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव फरीदापुर के लोग रविवार सुबह नहर किनारे गए थे। जहां पर देखा कि गोवंशीय पशुओं के अवशेष और खून पड़ा था। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने गोकशी पर नाराजगी जताते हुए नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि थाना पास में होने के बावजूद पुलिस गश्त न के बराबर करती है। इसी वजह से गोकशों के हौसले दिन पर दिन बुलंद होते जा रहे हैं। जानकारी मिलते ही हिंदू जागरण युवा मंच के जिला अध्यक्ष हिमांशु पटेल साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। उनका कहना था कि जन्माष्टमी के दिन गोकशी की घटना होना अत्यंत निंदनीय है। पुलिस ने पशुओं के अवशेषों को जेसीबी मंगवाकर गड्ढों में दफन करवा दिया है। साथ ही गो तस्करों की तलाश शुरू कर दी है।

पशुओं के अवशेष जमीन में दबाते हुए।

पॉलिसी बंद कराकर मुनाफे का लालच देकर डॉक्टर से दो लाख रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसपी सिटी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- ठगों ने नई पॉलिसी लेने का भी बनाया दबाव

अमृत विचार : एक डॉक्टर को बीमा पॉलिसी बंद करा कर मोटा फायदा दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने दो लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने पुरानी पॉलिसी फ्रीज कराते हुए नई पॉलिसी देने का लालच दिया। डॉक्टर की शिकायत पर एसपी सिटी मानुष पारीक के आदेश पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। साथ ही मामले की जांच साइबर क्राइम पुलिस समेत स्थानीय पुलिस कर रही है।

महानगर कॉलोनी निवासी डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि उनके पास एक अज्ञात युवक का फोन आया। उसने खुद को सीआईयू, आईआरडीएआई में अफसर बताया और पुरानी पॉलिसी को बंद कराने की सलाह दी। थोड़ी देर बाद दूसरे नंबर से फोन आया, जिसमें खुद को आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का अफसर बताकर पॉलिसी फ्रीज करने की पुष्टि की। आरोप है कि इसके बाद ठगों ने नई पॉलिसी लेने का दबाव बनाया और लिंक भेजकर 1.49 लाख रुपये ऐंठ लिए और श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस की पॉलिसी थमा दी। जुलाई में पुरानी पॉलिसी की रकम तो खाते में आई, लेकिन नई पॉलिसियों की रकम नहीं मिली। ठगों ने फिर फोन किया और कहा कि दूसरी पॉलिसी सेटल करने के लिए 18 फीसदी टैक्स या फिर नई पॉलिसी लेनी पड़ेगी। इसके बाद लिंक भेजकर 1,98,998 और वसूल लिए। ठगों ने भरोसा दिलाया कि मार्च में सभी पॉलिसियों का रुपया मिलाकर 14 लाख रुपये खाते में आ जाएंगे लेकिन मार्च के बाद जब सभी नंबर बंद हो गए, जिस पर उन्हें ठगी का अहसास हुआ। उसके बाद मामले की शिकायत एसपी सिटी मानुष पारीक से की। एसपी सिटी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिटी डायरी

जरूरतमंदों के मुफ्त ऑपरेशन व छात्रों को कराया जाएगा कंप्यूटर कोर्स

बरेली, अमृत विचार : उर्स-ए-रजवी के मौके पर जमात रजा-ए-मुस्तफा और आला हजरत ताजुश्शरिया वेलफेयर सोसाइटी की ओर से जरूरतमंद लोगों के निशुल्क ऑपरेशन व गरीब छात्रों को कंप्यूटर कोर्स कराया जाएगा। रविवार को किला स्थित हेड ऑफिस में हुई बैठक में जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान (फरमान मियां) ने बताया कि उर्स के मौके पर आर्थिक तंगी से जूझ रहे मरीजों के मोतियाबिंद, पित की पथरी, हर्निया, हड्डी आदि रोगों से संबंधित ऑपरेशन निशुल्क कराए जाएंगे। वहीं गरीब छात्रों को एडवांस ऑफिस, लिब्रे ऑफिस, एडवांस ग्राफिक डिजाइनिंग, इंग्लिश टाइपिंग, एडवांस जीएसटी स्टडीज का कोर्स फ्री में कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जो जरूरतमंद इसका लाभ लेना चाहते हैं वे 21 अगस्त तक दरगाह ताजुश्शरिया स्थित जमात रजा-ए-मुस्तफा के हेड ऑफिस या किला स्थित आला हजरत ताजुश्शरिया वेलफेयर सोसाइटी के हेड ऑफिस में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। मौलाना शम्स, मौलाना निजामुद्दीन, डॉ. मेहंदी हसन, अब्दुल्ला रजा, मोईन खान, शमीम अहमद, हाफिज इकराम, मुहम्मद जुनैद रजा, समरान खान, डॉ. खतीर खान बख्तियार खान, इमरान रजा खान, जफर बेग, जनार्दन आचार्य, सूफी अबरार अहमद नूरी, कारी फैजान मौजूद रहे।



रजाकारों को बांटे वालंटियर कार्ड

बरेली, अमृत विचार : मथुरापुर स्थित मदरसे में काजी ए हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रज खां की सरपरस्ती में उर्स-ए-रजवी की रस्म अदा की जाएगी। रविवार को उर्स स्थल जामियातुर्रजा में रजाकार को वालंटियर कार्ड बांटे गए। इस दौरान बानखाना, करगैना, चंदपुर बिचपुरी, महेशपुर, शेरगढ़, मवई काजियान, आंवला, अलीगंज, खैलम, धंतिया, बीसलपुर, पूरनपुर, बिधौलिया समेत अन्य जगह के वालंटियर मौजूद रहे।

जायरीन के लिए लंगर आयोजित किए जाएंगे

बरेली, अमृत विचार : उर्स-ए-रजवी की तैयारियों को लेकर तौसीफ रजा खां ने बैठक का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि उर्स को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बाहर से आने वाले जायरीन के लिए बड़े पैमाने पर लंगर का आयोजन किया जाएगा। फैज रजा खां, सय्यद आमिर मियां, पम्मी खां वारसी आदि मौजूद रहे।

बरेली को आला हजरत हेरिटेज सिटी घोषित करें

बरेली, अमृत विचार : आला हजरत वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष मौलाना अब्दुल्लाह रजा कादरी ने उर्स-ए-रजवी के मौके पर मुख्यमंत्री व केंद्रीय पर्यटन मंत्री को पत्र भेजकर बरेली को आला हजरत हेरिटेज सिटी घोषित करने की मांग की है। उन्होंने पत्र में कहा है कि बरेली प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान आला हजरत का जन्मस्थान है। आला हजरत के चाहने वाले भारत ही नहीं बल्कि पूरे दुनिया में हैं। आला हजरत के नेतृत्व में उलमा ने अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई थी। जिसमें सैकड़ों उलमा जेल में भेजे गए थे। आला हजरत की बदौलत प्रदेश के प्रमुख शहर बरेली को पूरी दुनिया में सूफिज्म केंद्र की पहचान हासिल है। उन्होंने उर्स के मौके पर बरेली को आला हजरत हेरिटेज सिटी के रूप में घोषित करने की मांग की। पत्र में कहा कि आला हजरत इंटरनेशनल रिसर्च सेंटर एवं लाइब्रेरी की स्थापना की जाए।

जायरीन के लिए मुफ्त टेंपो सेवा का उद्घाटन

बरेली, अमृत विचार : अदनान मियां ने रविवार रात माल गोदाम रोड पर जायरीन के लिए फ्री टेंपो सेवा का उद्घाटन किया। उर्स के तीनों दिन इस्लामिया और जामियातुर्रजा तक जायरीन को फ्री सेवा दी जाएगी। उद्घाटन के मौके पर हाफिज इमरान रजा, राजू बाबा, मोहम्मद जुनैद, सय्यद मुशर्रफ हुसैन आदि मौजूद रहे। बिहारीपुर की ढाल के पास मेडिकल कैंप लगेगा।

श्री हरेराम ग्वाल बाल भगवती सेवा समिति द्वारा सुभाषनगर अवधपुरी स्थित श्री हरेराम नवदुर्गा मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर कृष्णलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

पत्थर में बांध कर फेंका चाइनीज मांझा युवक और दो महिलाएं हुई घायल

बरेली, अमृत विचार : लालफाटक निवासी पं. अनिल मिश्र ने बारादरी थाने में तहरीर देकर बताया कि वह रविवार को भोजीपुरा जा रहे थे। शहामतगंज पुल पर सुबह करीब आठ बजे मांझे से बंधे हुए पत्थर किसी ने फेंके।

उन्होंने पत्थर पकड़ने की कोशिश की तो उनकी अंगुली और पंजे पर निशान पड़ गए। वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति के गले में मांझा लिपट गया। किसी तरह उसने बाइक संभाली पर गले में घाव हो गया। वहीं, स्कूटी से जा रही दो महिलाएं भी मांझा की चपेट में आने से गिर पड़ीं। इन्हें एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल भेजा गया। आरोप है कि पुल के आसपास रहने वाले कुछ खुराफाती राहगीरों को निशाना बना रहे हैं। अनिल मिश्र ने मांझे से बंधे पत्थर भी बतौर साक्ष्य पुलिस को सौंपे हैं।

समस्या | जून माह में भेजा जा चुका है एस्टीमेट, मंडल में चिह्नित 96 ब्लैक स्पॉट के लिए चाहिए 118 करोड़

ब्लैक स्पॉट पर अभी खतरा बरकरार, बजट का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली में 28, बदायूं में 30, शाहजहांपुर में 18 और पीलीभीत में 20 ब्लैक स्पॉट पर होने हैं काम

अमृत विचार: पीडब्ल्यूडी को मंडल के 96 ब्लैक स्पॉट पर सुधार के लिए बजट का इंतजार है। विभाग ने 118 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर शासन को दो महीने पहले भेजा था लेकिन अब तक बजट स्वीकृत नहीं हुआ है। पीडब्ल्यूडी का दावा है कि कुछ प्रमुख ब्लैक स्पॉट पर अस्थायी सुधार किया गया है।

शासन के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी ने जून में पहली बार सड़क सुरक्षा के उपायों को अपनी कार्ययोजना में शामिल करते हुए बरेली मंडल में 96 दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) को चिह्नित किया था। यहां काम कराने के लिए विभाग ने 118 करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। जुलाई में शासन से स्वीकृति और बजट मंजूरी के बाद कहीं सड़क की डिजाइन में सुधार तो कहीं संकेतक आदि लगाने की बात कही गई लेकिन अब तक बजट मंजूर नहीं हो सका है। पीडब्ल्यूडी ने जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बरेली के प्रमुख ब्लैक स्पॉट में बदायूं रोड पर महेशपुर ठाकुरान, अटा कायस्थान बाईपास, किला पुल, सिटी सब्जी मंडी, दिल्ली रोड पर फतेहगंज में राधाकृष्ण मंदिर, एएनए कॉलेज तिराहा आदि हैं। वहीं शाहजहांपुर में बीसलपुर-बंडा-खुटार मार्ग, फतेहगंज दातागंज मार्ग से मढ़ई मार्ग, रानेट चौराहा, ओरछी चौराहा, बजीरगंज उसहैत मार्ग, पीलीभीत में ईदगाह मार्ग, नकटी चौराहा, आसाम चौराहा आदि ब्लैक स्पॉट हैं। यहां टेबल टॉप, स्पीड टेबल, रंबल स्ट्रिप, ओवरहेड साइनबोर्ड, सोलर कैट आई, मीडियन मार्कर, कर्व स्टोन ट्री प्लेट, प्लेट ट्यूबलर मार्कर, थर्मो प्लास्टिक पेंट आदि कार्य प्रस्तावित हैं। बरेली के 28, बदायूं में 30, शाहजहांपुर में 18 और पीलीभीत में 20 ब्लैक स्पॉट हैं। चीफ इंजीनियर अजय कुमार का कहना है कि ब्लैक स्पॉट के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। दो महीन में बजट जारी होने की उम्मीद थी लेकिन अब तक बजट नहीं मिल सका। सुरक्षा के लिहाज से कुछ जगह ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षात्मक उपाय कराए गए हैं।

फतेहगंज पश्चिमी में ब्लैक स्पॉट घोषित एएनए कालेज तिराहा।

अमृत विचार

www.amritvichar.com

सिटी ब्रीफ

पोषण ट्रैकर एप पर डाटा हो रहा डिलीट

बरेली, अमृत विचार : आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए पोषण ट्रैकर मोबाइल एप परेशानी का सबब बना हुआ है। तकनीकी खामियों के कारण एप में लाभार्थियों का डाटा डिलीट हो रहा है। शिकायत पर भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रतिदिन केंद्र खोलने, तीन से छह वर्ष के बच्चों की उपस्थिति दर्ज करने और अन्य गतिविधियों का डाटा एप पर फीड करना अनिवार्य किया गया है। जून से सभी लाभार्थियों का चेहरा प्रमाणीकरण (फेस कैप्चरिंग) भी अनिवार्य किया गया है। इसके बिना ड्राई राशन वितरण पर रोक है लेकिन फेस कैप्चरिंग प्रक्रिया पूरा करने के बाद कई बार डाटा एप से स्वत: डिलीट हो जाता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार का कहना है कि एप में तकनीकी खामियां की जानकारी मिलने पर उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया। प्रदेश के कुछ अन्य जनपदों में भी इस तरह की शिकायतें सामने आई हैं।

सात साल पुराने फोन पर ले रहे काम

बरेली, अमृत विचार : बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ने करीब सात साल पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को काम के लिए फोन दिए थे। इन फोन में चार्जिंग के दौरान बैट्री फटने जैसी खामियां सामने आ चुकी हैं। वहीं एप में डाटा फीड करने की प्रक्रिया धीमी है। फेस कैप्चरिंग होने के बाद ई-केवाईसी करते समय कई बार डाटा डिलीट हो जाता है।

प्रकृति संरक्षण से ही पापों का प्रायश्चित संभव : असीम अरुण

आईएमए हाल में धूमधाम से मना सातवां विश्व हरेला महोत्सव, वृक्षाबंधन रैली निकाल कर लोगों को निःशुल्क बांटे कॉटन बैग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

आईएमए हाल में आयोजित 7वें विश्व हरेला महोत्सव में गौरव पुरस्कार से सम्मानित करते मुख्य अतिथि मंत्री असीम अरुण, डॉ. अरुण कुमार, गोपाल आर्य, कुलपति प्रो. केपी सिंह और विश्व हरेला महोत्सव परिवार के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

हरेला महोत्सव कार्यक्रम को महिलाओं ने सेल्फी लेकर यादगार बनाया। ● अमृत विचार

अमृत विचार : विश्व हरेला महोत्सव परिवार की ओर से रविवार को आईएमए भवन के सभागार में सातवां विश्व हरेला महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और जनचेतना का विस्तार करना रहा। आयोजन की शुरुआत वृक्षाबंधन रैली और निःशुल्क कॉटन बैग वितरण से हुई।

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण विभाग असीम अरुण ने दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव की शुरुआत की। असीम अरुण ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के उत्सव के रूप में हरेला महोत्सव के जरिये प्रकृति संरक्षण की अलख जाने के लिए उत्तराखंड समाज बधाई का पात्र है। कन्नौज और बरेली में वन्य क्षेत्र को चयनित कर उस निर्धारित क्षेत्र में बंदर समेत अन्य पशुओं को स्वच्छंद विचरण के लिए छोड़ देना चाहिए। ऐसा करने मात्र से ही प्रकृति के प्रति जाने-अन्जाने में किए गए पापों का प्रायश्चित किया जा सकता है।

अखिल भारतीय पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के संयोजक गोपाल आर्य ने कहा कि भारत माता की जय बोलने से पहले हमें यह सोचना होगा कि जिस भारत को 'सोने की चिड़िया' कहा गया, आज वहां पेड़ों की संख्या कितनी रह गई है। विशेषज्ञों के अनुसार प्रति व्यक्ति 420 पेड़ होने चाहिए, जबकि वर्तमान में देश में औसतन 28 पेड़ ही हैं। दिल्ली जैसे महानगरों में स्थिति और भी गंभीर है, जहां तीन व्यक्तियों पर एक पेड़ है। बरेली में भी प्रति व्यक्ति पेड़ों की संख्या अपेक्षा से बहुत कम है। भगवान कृष्ण के जीवन से हमें पर्यावरण संरक्षण का विशेष संदेश मिलता है। कथा के अनुसार कृष्ण ने यमुना को प्रदूषित करने वाले कालिया नाग का दमन किया था। यह केवल धार्मिक प्रसंग नहीं, बल्कि जल प्रदूषण और जल संरक्षण के महत्व का प्रतीक है। आज जब नदियां, तालाब और जलाशय प्रदूषण से जूझ रहे हैं, तब हर नागरिक को कृष्ण की तरह 'प्रकृति रक्षक' बनने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम अध्यक्ष कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि इस पर्व का वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी है, क्योंकि इस समय लगाए गए पेड़ आसानी से जीवित रहते हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में भारत सरकार ने इसरो और नासा के सहयोग से निसार उपग्रह लॉन्च किया है, जो कृषि और वानिकी क्षेत्र में उपयोगी साबित होगा। यह उपग्रह दिन-रात, किसी भी मौसम में वनों की स्थिति का सटीक आकलन करेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने भी 47 प्रजातियों के वृक्ष रोपित किए हैं और छात्रों से अपील की कि वे अपने जन्मदिन या परिजनों की स्मृति में वृक्ष लगाकर उसे संजीवनी दें।

वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि योगी सरकार पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश में 37 करोड़ से अधिक पेड़ लगाए जा चुके हैं, जो पिछली सरकारों की तुलना में छह गुना ज्यादा है।

कार्यक्रम सचिव डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गईं विभिन्न प्रतियोगिताओं में डेढ़ सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेताओं को सम्मानित किया गया। बरेली और आसपास की सांस्कृतिक टीमों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में वन व पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, महापौर डॉ. उमेश गौतम, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डॉ. विनोद पागरानी, सतीश जोशी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. हरीश भट्ट, प्रो. त्रिलोचन शर्मा समेत आयोजन समिति के सदस्य और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। संचालन आशा कांडपाल और मनसा मिश्रा ने किया।

इन्हें विशेष सम्मान दिया गया

महोत्सव के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले व्यक्तियों को बरेली गौरव सम्मान से नवाजा गया। इसमें महापौर डॉ. उमेश गौतम को उदीयमान नेतृत्व सम्मान, सत्येंद्र त्रिपाठी को लोक नीति भारत महिला सशक्तिकरण सम्मान, प्रो. सुमित्रा कुकरेती को महिला शिक्षा व सशक्तिकरण के लिए, घनश्याम खंडेलवाल (चेयरमैन बीएल एग्रो) को उद्यमिता और रोजगार सृजन हेतु सम्मानित किया गया। शिक्षा और चिकित्सा में योगदान के लिए आदित्य मूर्ति व राजेंद्र अग्रवाल, समाजसेवा के लिए योगेश पटेल ब्लॉक प्रमुख भोजीपुरा और नीता कुदेशिया, कृषि क्षेत्र में डॉ. विकास वर्मा, जबकि युवा प्रेरणा के लिए शगुन पाठक को यूथ आइकन अवार्ड प्रदान किया गया।

बरेली को दी नई पर्यावरणीय चेतना : मेयर

महापौर डॉ. उमेश गौतम ने कार्यक्रम में बताया कि स्वच्छता रैंकिंग में बरेली को 20वां स्थान मिला है। पर्यावरण के इंडेक्स पीएम टेन को कम करने वाले देश के पांच जिलों में बरेली ने पहला स्थान प्राप्त किया है। पहले रामगंगा में सीवर डाला जाता था, अब बाकरगंज और पीलीभीत बाईपास पर बने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पर जा रहा है। हरेला महोत्सव ने बरेली को एक नई पर्यावरणीय चेतना दी है।

तस्लीम व नितेश ने दिखाए दांव-पेच

जौहरपुर में दंगल में दांव आजमाते पहलवान। ● अमृत विचार

सीबीगंज, अमृत विचार : सीबीगंज स्थित जौहरपुर गांव में रविवार को श्रीराम अखाड़ा के पंडित प्रेम शंकर शर्मा और पहलवान मनोज शर्मा ने दंगल का आयोजन किया। जिसमें पहलवानों ने अपनी कुश्ती के दांव दिखाए। दंगल में जाट सेंटर के पहलवान और गुलाब अखाड़े के पहलवानों के बीच मुख्य कुश्तियां हुईं।

गुलाब अखाड़ा के पहलवान तस्लीम और लखनपुर के पहलवान नितेश में कांटे की टक्कर हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार रहे। इस अवसर पर एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, सत्येंद्र यादव, समाजसेवी अशोक आहूजा, रमेश सागर महानगर उपाध्यक्ष दयाशंकर साहू, पार्षद बेदराम मौर्य, धर्मवीर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजन श्रीवास्तव, गुलशन गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष रूपेंद्र मौर्य, महावीर मौर्य, राजेंद्र पाल मौर्य, विकास शर्मा, देशपाल शर्मा, आकाश शर्मा, मुकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

मनुष्य स्वयं कर सकता है दुखों का अंत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

चंद्र मणि बुद्ध विहार में कार्यक्रम में शामिल थाईलैंड से आए बौद्ध भिक्षु। ● अमृत विचार

● थाईलैंड से पहुंचे भिक्षुओं ने चंद्र मणि बुद्ध विहार में दिया व्याख्यान

अमृत विचार : डेलापीर स्थित चंद्र मणि बुद्ध विहार में रविवार को थाईलैंड से पांच भिक्षु पहुंचे। उन्होंने 30 मिनट तक व्याख्यान देते हुए कहा कि अपने दुखों का अंत मनुष्य स्वयं ही कर सकता है।

भिक्षुओं में पताईगोम फासुखो थेरो, पैनोम पालावतनों थेरो, सह्या पापांगकारो, सनुन सुमनो थेरो, जित्तारपोन अत्थिपान्यो ताप्पोसाकुमा थेरो शामिल थे। उन्होंने शहर के बुद्ध उपासकों को संबोधित किया। उनके साथ अनुवादक डॉ. राजेश चंद्रा भी रहे। भिक्षुओं ने सामूहिक रूप से बुद्ध विहार में उपस्थित सभी उपासक उपासिकाओं को त्रिशरण पंचशील का ज्ञान दिया व त्रितरत्न वंदना कराई। उन्होंने बताया कि बुद्ध कहते हैं कि मैं मार्ग दाता हूं, मोक्ष दाता नहीं हूं, न ही कोई और है। बताया कि अपने दुखों का अंत मनुष्य स्वयं ही कर सकता है। मीडिया प्रभारी कपिल ने बताया कि ये भिक्षु थाईलैंड से सारनाथ पहुंचे थे। शहर वासियों के बुलावे पर भिक्षु यहां आए। रविवार को दूसरे सत्र में बुद्ध के दर्शन पर प्रकाश डाला गया। रामपाल सिंह मौर्य, ओमप्रकाश बौद्ध आदि उपस्थित रहे।

सात साल बाद परिजनों से मिला लापता युवक

बरेली, अमृत विचार: सुभाषनगर पुलिया के पास 15 जुलाई को मिला युवक सात साल बाद परिजनों से मिला। पुलिस की सूचना पर मनोसमर्पण सेवा संस्था की टीम युवक को साथ लेकर गई थी।

साइकोलॉजिस्ट एवं संस्था के फाउंडर शैलेश शर्मा ने कहा कि युवक की मानसिक स्थिति में सुधार लाने के लिए साइकोलॉजिकल काउंसलिंग सेशन जारी रहा और स्थिति में सुधार होने पर उसने अपना नाम अविनाश निवासी छत्तीसगढ़ में कोरिया जिला के पटना पुलिस थाना का निवासी बताया। युवक को उसके परिजनों से मिलाने के लिए सोशल वर्कर मुकुल कुमार की अगुवाई में टीम छत्तीसगढ़ भेजी गई तो उसके परिजनों का पता चला। रविवार को युवक को लेने के लिए उसके भाई विशाल बरेली पहुंचे। विशाल ने बताया कि अविनाश सात साल पहले लापता हो गया था।

मोहन अध्यक्ष और अभय बने सचिव

अधिष्ठापन समारोह में अतिथि को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : स्वतंत्रता दिवस पर रोटरी क्लब ऑफ बांस बरेली की ओर से अधिष्ठापन समारोह और रक्तदान शिविर का आयोजन बासुबरल सरस्वती विहार हरुनगला में हुआ। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रक्त दान कर छात्रों को प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि रोटरी मंडल गवर्नर राजन विद्यार्थी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ झंडारोहण व राष्ट्रगान के साथ हुआ। मोहन गुप्ता को अध्यक्ष और अभय अग्रवाल को सचिव बनाया गया। निवर्तमान अध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने पिन लगाकर नए अध्यक्ष को जिम्मेदारी सौंपी। नए सचिव अभय अग्रवाल ने बताया कि भविष्य में प्रमुख योजना में फिजियोथेरेपी सेंटर खोलना भी प्रस्तावित है। इसके लिए जगह का चयन किया जा चुका है। शीघ्र उपकरण मंगवाकर इसका लोकार्पण कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त बच्चों की नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच, स्कूल बैग वितरण, पौधरोपण कार्यक्रम भी समय-समय पर किए जाएंगे। सह गवर्नर प्राधीर अग्रवाल, मुख्य जिला सचिव मोहन गुप्ता, पीएचएफ सुभाष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

पर्यटकों को लीलौर झील की तरफ आकर्षित करने में जुटा प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

लीलौर झील किनारे इस तरह से बंबू हट बनाने की है योजना। ● अमृत विचार

● टॉय ट्रेन के संचालन की तैयारी के बीच बंबू के छोटे-छोटे हट बनाने की तैयारी शुरू

अमृत विचार : नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत सात नाथ मंदिरों को जोड़ने के साथ ही प्रशासन पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए रामनगर की लीलौर झील की तरफ विशेष ध्यान दे रहा है। दिवाली तक झील में पर्यटकों के लिए नौका विहार निशुल्क की गई है। वहीं लीलौर झील किनारे इंटर लॉकिंग का कार्य कराकर उस पर टॉय ट्रेन चलवाने के साथ वाटर पार्क बनवाने की तैयारी की जा रही है।

इसके साथ ही डीएम अविनाश सिंह ने झील किनारे पर्यटकों के ठहरने के लिए छोटी-छोटी हट बनवाने की योजना बनाई है। ये हट बंबू के बनाए जाएंगे। इससे बंबू की कारीगरी भी पर्यटकों को लुभाएगी। साथ ही स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा। बंबू हट में सभी सुविधाएं मिलेंगी। लाइट की भी व्यवस्था रहेगी। सभी हट झील किनारे बनेंगे ताकि पर्यटक इनमें ठहरने के दौरान सुबह-शाम झील की सौंदर्यता का आनंद ले सकें। डीएम ने बंबू हट बनवाने के लिए बंगाली कारीगर से डिजाइन भी बनवाए हैं। 18 प्रकार से हट, उनके अंदर साजो-सज्जा की चीजें भी बंबू की बनवाई जाएंगी। टॉय ट्रेन के संबंध में कई कंपनियों से डीएम वार्ता कर चुके हैं।

एलएलबी की पहली ओपन मेरिट जारी, आज और कल होंगे प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● मेरिट इंडेक्स 245 से 163 वाले विद्यार्थी ले सकेंगे प्रवेश

अमृत विचार : बरेली कॉलेज ने एलएलबी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए रविवार को पहली ओपन मेरिट जारी कर दी। मेरिट में शामिल विद्यार्थियों को 18 व 19 अगस्त को कॉलेज के पोर्टल पर ऑनलाइन प्रवेश लेना होगा। जल्द ही एमए और एमएससी के अन्य पाठ्यक्रमों की मेरिट जारी की जाएगी।

मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की मेरिट जारी की गई है। ओपन मेरिट इंडेक्स 245 से 163 तक रहा है। इस इंडेक्स के बीच में शामिल विद्यार्थी प्रवेश के लिए मान्य होंगे। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि के बाद कोई दावा मान्य नहीं होगा। प्रवेश के लिए कॉलेज के पोर्टल पर लॉगिन कर इलिजिबल फार एडमिशन पर विषय चयन कर शुल्क जमा करना होगा। किसी भी समस्या के लिए सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक सेमिनार कक्ष में संपर्क कर सकते हैं। फीस पेमेंट फेल होने पर चार घंटे बाद लॉगिन कर फी कंफेशन पर क्लिक करें। यूपीआई पेमेंट सफल न होने पर किसी दूसरे माध्यम नेट बैंकिंग या डेबिट कार्ड से पेमेंट करें। समस्या का समाधान न होने पर फीस रसीद की स्क्रीन शॉट के साथ सेमिनार कक्ष में संपर्क करें। यदि किसी भी अभ्यर्थी की किसी विषय में बैक है तो उसे प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा। प्रवेश के समय सभी अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों और छायाप्रति लेकर उपस्थित हों।

सिटी डायरी

बैठक में पंच संकल्पों पर की चर्चा

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से रविवार को जिला स्तरीय बैठक का आयोजन खालसा इंटर कॉलेज में हुआ। महामंत्री सुनील कुमार शर्मा ने शिक्षकों के चयन वेतन मान, प्रोन्नति आदि मुद्दों को रखा। साथ ही 1 सितंबर से कार्यकारिणी सदस्यों के पंच संकल्पों पर चर्चा की गई। जिला संगठन मंत्री सत्यार्थ पाराशरी को सदस्यता अभियान प्रभारी, जिला संरक्षक होते लाल दीक्षित को हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान पंच संकल्प के राष्ट्र गौरव अभियान का संयोजक, शिखा अग्रवाल व सुनील कुमार को सह संयोजक नियुक्त किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने की। कोषाध्यक्ष परीक्षित गंगवार, सह संगठन मंत्री निमित पाठक, संयुक्त महामंत्री ऊषा देवी, अवनीश गंगवार, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, सत्यपाल सिंह, सुनील कुमार, अंजू अग्रवाल आदि सदस्य मौजूद रहे।

कोतवाली में गूंजे देशभक्ति के तराने

बरेली, अमृत विचार : स्वतंत्रता दिवस की शाम शहर कोतवाली देशभक्ति के रंग में रंगी नजर आई। सर्व सेवा समिति टीम के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सिंगर किरण उपाध्याय व राजीव बेताब के सुरों ने हर दिल में राष्ट्रप्रेम की भावना जगा दी। मुंबई से आए रिंग आर्टिस्ट संजय शर्मा ने अपनी अनूठी कला प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि एडीजी रमित शर्मा, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी नॉर्थ मुकेश मिश्रा, सीओ सिटी आशुतोष शिवम व सीओ द्वितीय सोनाली मिश्रा ने सहयोगी संगठनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संचालन जहीर अहमद ने किया। जानी काले सिंह, मनोज अरोड़ा, डॉ. विनोद पागरानी, सुरेंद्र त्यागी, अश्वनी ओबेरॉय, दानिश जमाल, नासिर पहलवान, शारिक खान आदि मौजूद रहे।

मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया

बरेली, अमृत विचार : कांति कपूर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में 10 वीं और 12 वीं की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. एसके सूरी (ईएचएस स्टडीज इंस्टीट्यूट के चेयरमेन) और विशिष्ट अतिथि गिरीश टंडन रहे। अध्यक्षता सह विभाग संघ चालक राजकुमार अग्रवाल ने की। 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर साक्षी देवी, आयुषी यादव व 10 वीं में प्राची गंगवार और वंशिका को पुष्पलता स्मृति पुरस्कार स्वरूप 7000 व 5000 रुपये दिए गए। इसके अलावा इन्हें भद्रशीला शर्मा स्मृति पुरस्कार, क्षमा टंडन स्मृति पुरस्कार व राजकुमारी माहेश्वरी स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या अर्चना गहलोत, डॉ. रश्मि शर्मा, मोना शर्मा, डॉ. सुषमा दीक्षित, डॉ. सुबोध दीक्षित, भारती अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल, सुनील कुमार सिंह, डॉ. अजीता सिंह, नीलम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

डीपीएस की टीम बनी चैंपियन

बरेली, अमृत विचार : खटीमा में आयोजित सीबीएसई स्पोर्ट्स एंड गेम्स 2025 नॉर्थ जोन-वन हॉकी प्रतियोगिता में डीपीएस बरेली की हॉकी टीम शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-19 बालक वर्ग में टीम ने 4-1 अंकों से बाजी मारते हुए नॉर्थ जोन चैंपियन का खिताब जीता और सीबीएसई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए क्वालिफाई किया, जबकि अंडर-17 बालक वर्ग की टीम पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रही। विद्यालय प्रबंधन ने दोनों टीमों और उनके प्रशिक्षकों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई दी है। अंडर-19 टीम के विजेता खिलाड़ियों में कप्तान सरवर के अलावा जायेद खान, प्रशांत गुप्ता, जैनुल हुसैन, अभि पटेल जिज्ञासु, अब्दुल मन्नान, गुरतेज गिल, गुरसान गिल, फहद मजहर, राहिल, रोहित वर्मा, परमीत सिंह, अरमान, इब्राहिम, रुद्र प्रताप शामिल हैं। प्रिंसिपल वीके मिश्रा ने कहा कि खटीमा में आयोजित प्रतियोगिता में नॉर्थ जोन की नामचीन टीमों के बीच डीपीएस बरेली ने अपने जज्बे से विजय पताका फहराई है।

कैडेट्स ने साइकिल रैली से दिया फिट रहने का संदेश

साइकिल रैली में शामिल एनसीसी कैडेट्स। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : साई प्रशिक्षण केंद्र की ओर से फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रैली निकाली गई, जो बीआई बाजार, गांधी उद्यान से होते हुए साई सेंटर पर आकर समाप्त हुई। रैली में आरएन टैगोर इंटर कॉलेज से एनसीसी 21 यूपी बटालियन व 8 वीं यूपी गर्ल्स बटालियन ने भाग लिया। मुख्य अतिथि थाना कैंट के इंस्पेक्टर क्राइम शैलेन्द्र कुमार रहे। केंद्र प्रभारी संदीप मोहन चौधरी, डॉ. मनीष गंगवार, आदित्य कुमार, रोहित शर्मा, बीए शर्मा, शुभम चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

स्वदेशी उत्पाद के समर्थन में बटलर से अभियान शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● कैंट विधायक ने भगवा हिन्दू सेना के विशेष अभियान का शुभारंभ किया

● दुकानों पर स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ के पोस्टर चिपकाए गए

बटलर प्लाजा से स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ के समर्थन में अभियान का शुभारंभ करते कैंट विधायक संजीव अग्रवाल। ● अमृत विचार

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी उत्पाद अपनाओ के आह्वान के समर्थन में भगवा हिन्दू सेना ने विशेष अभियान शुरू किया है। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने रविवार से अभियान का शुभारंभ बटलर प्लाजा से किया।

संगठन के जिलाध्यक्ष एकांश गुप्ता के नेतृत्व में सभी दुकानों पर स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ संदेश युक्त पोस्टर चिपकाए गए। दुकानदारों और नागरिकों में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। इस दौरान विधायक ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना ही आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सभी नागरिकों को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे अपने दैनिक जीवन में अधिकतम स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करें। आयुष अग्रवाल, लक्ष्य अग्रवाल, श्याम कृष्ण गुप्ता, विपुल गर्ग, कौशल झांझी, दिनेश दिवान, विशाल आनंद, विराग अग्रवाल, मनोज खटवानी, अभिनव गोटलिब, राघव खंडेलवाल, अरुण कश्यप, अमरीश कठेरिया, हिमांशु चन्द्रा आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

सिटी ब्रीफ

मनोविज्ञान केंद्र में बच्चों को आजादी का महत्व बताया

बरेली, अमृत विचार : मनोविज्ञान केंद्र में स्वतंत्रता दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मनोवैज्ञानिक रोशनी सिंह ने झंडा फहराया। उन्होंने बच्चों को आजादी का महत्व बताया। तनाव से दूर रहने लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। इस दौरान याशिका वर्मा, राजेश सक्सेना, धीरज शर्मा, रोहित यादव, सुखपाल नंदलाल, सुनील, रूबेला, अजमल खान, इमरान दुबे कमल यादव, प्रदीप शर्मा, रवींद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

केवीएस राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में डिंपल करेंगी प्रतिभाग

बरेली, अमृत विचार : केंद्रीय विद्यालय एनईआर की छात्रा डिंपल खेडका का चयन 54 वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय बैडमिंटन खेलकूद प्रतियोगिता के लिए हुआ है। डिंपल ने इसी वर्ष आईआईटी कानपुर में केवीएस लखनऊ रीजन में अंडर 14 वर्ग में गोल्ड जीता था। अब वह 20 अगस्त से केवी एर्नाकुलम केरल में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की अंडर 14, 17 व 19 बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेंगी। इसमें विजयी होने पर एसजीएफआई के लिए उनका चयन किया जाएगा। डिंपल की फिटनेस कोच मोनी और बैडमिंटन कोच कोंगरा ने शुभकामनाएं दी हैं।

कवि सम्मेलन में 79 बाल प्रतिभागियों को किया सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बाल रामायण मंच की ओर से शांति विहार स्थित बैंक्वेट हाल में राष्ट्रीय बाल कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 79 बाल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। देशभक्ति, राष्ट्रीय चेतना एवं भारतीय संस्कृति की चेतना को नई पीढ़ी में जागृत करने के उद्देश्य और भारतीय सेना के वीर जवानों के शौर्य को प्रणाम कर ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित काव्य पाठ, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. दीपांकर गुप्त ने करते हुए बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिक्षाविद राम भरोसे सिंह ने अमर सपूतों को श्रद्धा सुमन समर्पित किए।

हरि मंदिर में राधाष्टमी महोत्सव शुरू

बरेली, अमृत विचार : मॉडल टाउन स्थित हरि मंदिर में 65 वें वार्षिकोत्सव में राधाष्टमी महोत्सव का शुभारंभ रविवार को हुआ। वैष्णो देवी बुआदाती संकीर्तन मंडल ने सारी दुनिया है दीवानी श्री राधा रानी आपकी, हम दीवाने आ गए श्री राधे तेरे बरसाने में, मैंने मोहन को बुलाया है वह आता ही होगा आदि भजन प्रस्तुत किए। प्रबंध समिति के सचिव रवि छाबड़ा ने बताया 18 अगस्त को दिव्य मांगलिक कलश यात्रा मंदिर निकाली जाएगी। 108 महिलाएं दिव्य मंगल कलश धारण कर श्री हरि मंदिर की परिक्रमा करेंगी। कलश यात्रा के बाद श्रीमद्भागवत कथा का आरंभ होगा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुशील अरोड़ा, अश्विनी ओबेरॉय, संजय आनंद, योगेश ग्रोवर, गोविंद तनेजा, जितेंद्र दुआ, अनिल चड्ढा, रंजन कुमार, संजीव राय, संजय गोयल, दीपक साहनी, राजेश अरोड़ा, संजीव अरोड़ा, विनोद भाटिया, सचिन सेठी, विपिन पाहवा, अतुल कपूर, डॉ. विनोद पागरानी आदि मौजूद रहे।

मॉडल टाउन स्थित हरि मंदिर में भजन कीर्तन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

भजनों पर झूम उठे

राजेंद्र नगर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में महिला संकीर्तन मंडल के भजनों पर झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

मनमोहक झांकियों के साथ निकली भव्य दधिकांदों शोभायात्रा

लोगों ने जगह-जगह किया स्वागत, जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल, ग्वाल बालों की टोलियों ने दिखाए करतब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : चंद्रनगर धार्मिक समिति की ओर से रविवार को भगवान कृष्ण की 136 वीं दधिकांदों शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। शोभायात्रा में अखाड़े और ग्वाल बालों की टोलियों ने हैरतंगेज करतब दिखाए। देव स्वरूपों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षाकर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया।

बालजती स्कूल के समीप सीताराम मंदिर से कैंट विधायक संजीव अग्रवाल और जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इससे पहले उन्होंने पूजन किया। शोभायात्रा में भगवान कृष्ण, राम दरबार, शिव परिवार के अलावा पर्यावरण व भारत माता की झांकी शामिल रही। दूसरे समुदाय के लोगों के साथ अमन कमेटी के सदस्यों ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया।

समिति के उपाध्यक्ष दिनेश दद्दा ने बताया कि शोभायात्रा शुरू होने से पहले मोहल्ले की महिलाओं ने भगवान श्री कृष्ण का भव्य श्रृंगार किया। विभिन्न स्थानों होती हुई शोभायात्रा सीताराम मंदिर पर आकर समाप्त हुई। मंदिर में जिला पंचायत अध्यक्ष, कैंट विधायक के अलावा पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन, डॉ. विनोद पागरानी ने भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक किया। दुर्गा मंदिर के पास पार्षद राजेश अग्रवाल ने, सिंधु नगर गेट के पास मेयर डॉ. उमेश गौतम, डॉ. विमल भारद्वाज, सर्वेश रस्तोगी और राजू मिश्रा ने श्री कृष्ण के स्वरूप की आरती उतारी। मठिया मंदिर व ईसाईयों की पुलिया पर लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। बालजती वाल्मीकि बस्ती में एससीएसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया के नेतृत्व में शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

बालजती चौराहे पर वरिष्ठ जन कल्याण समिति के कार्यालय पर उपाध्यक्ष अनिल सक्सेना व सचिव रवि किशन सक्सेना ने, जगतपुर पुराना शहर पनवड़िया सहसवानी टोला में वैभव भारद्वाज विपुल मिश्रा, संजीव शर्मा दादा, शंकर मिश्रा आदर्श मोहन शर्मा, पंकज मिश्रा ने, नवादा शेखान नई आबादी में प्रदीप पटेल, भूदेव मौर्य, जितेंद्र मौर्य, कन्हई लाल आदि ने शोभायात्रा का स्वागत किया। वहीं, जगह- जगह लोगों को प्रसाद के स्वरूप में पौधे भी वितरित किए गए।

इस दौरान अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता, महामंत्री सोमपाल प्रजापति, शोभायात्रा संयोजक राजीव निर्भय, राजेश मौर्य बबलू, श्याम मनोहर गुप्ता, राहुल कुमार, डॉ. विनोद यजुर्वेदी, राजीव गुप्ता, महेश कठेरिया, प्रदीप गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, सर्वेश गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दधिकांदों शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। ● अमृत विचार

श्रीकृष्ण की झांकी रही आकर्षण का केंद्र।

शोभायात्रा में शामिल राम दरबार की झांकी। ● अमृत विचार

शोभायात्रा के दौरान करतब दिखातीं ग्वाल बालों की टोलियां। ● अमृत विचार

इनर व्हील क्लब बरेली जुपिटर ने मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

बरेली, अमृत विचार : इनर व्हील क्लब बरेली जुपिटर ने सिविल लाइंस स्थित एक होटल में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई। कृष्ण जन्म की सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गईं। क्लब चार्टर प्रेसिडेंट रचना सक्सेना ने सभी को स्मृति चिन्ह भेंट किए। वंदिता शर्मा, एकता सक्सेना, भावना, शन्नो, नीरू, शालू, सीमा, शीलू, राधा, मनमीत, साधना शशि, निधि, अंजू, एकता, नीलम, सुनीता आदि मौजूद रहीं।

नंद घर लाला आओ पर झूमे भक्त

जगन्नाथ मंदिर में राधाकृष्ण के रूप में सजधजकर आए बच्चे। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर बाग ब्रिगटान में जन्माष्टमी मनाई गई। राधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट ने मंदिर में भव्य सजावट की। रसिकों ने नंद घर लाला आओ है... आदि भजन प्रस्तुत किए। बच्चों ने राधाकृष्ण के स्वरूप में सजधज कर प्रस्तुति दी। रात्रि 12 बजे लड्डू गोपाल का पुजारी ऋषि शर्मा और विष्णु वाजपेयी ने महाभिषेक किया। इसके बाद महाआरती हुई। महंत नीरज नयन दास, अनुज अग्रवाल, रिशुल अग्रवाल, राकेश गार्गिया, राहुल अग्रवाल, सुंचित जायसवाल, दीक्षा जायसवाल, पवन जायसवाल, प्रेम शंकर जायसवाल, विवेक अग्रवाल, अनिल मौर्य, राजीव मौर्या आदि उपस्थित रहे।

सिटी डायरी

हरिनाम संकीर्तन किया

बरेली, अमृत विचार : प्रभात नगर स्थित सोमनाथ मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। महिलाओं ने हरिनाम संकीर्तन किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु नंद गोपाल के दर्शन को पहुंचे। गायक सूरज गुप्ता आदि ने भजन प्रस्तुत किए। बच्चों ने राधा-कृष्ण का स्वरूप धर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अतुल मिश्रा, मंदिर ट्रस्ट के महेश अग्रवाल, अमर सिंह, यूजी रस्तोगी, अजय अग्रवाल, दीपक भसीन, रविंद्र शर्मा, आशुतोष गोयल, भुवनेश अग्रवाल, अमित अरोरा, आशीष अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, तृप्ति शुक्ला, निरूपमा अग्रवाल, नीमा अग्रवाल, डॉ. अशोक मेहंदीरत्ता, मनोज अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

मनसा माता मंदिर में राधा कृष्ण सज्जा प्रतियोगिता आयोजित

बरेली, अमृत विचार : जन्माष्टमी के मौके पर मनसा माता मंदिर प्रांगण में शनिवार रात राधा कृष्ण सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने प्रतिभाग किया। कृष्ण स्वरूप में सजकर आए अभिराज शर्मा को पुरस्कृत किया गया।

नंदोत्सव में भजन प्रस्तुत किए

बरेली, अमृत विचार : श्री राधमाधव संकीर्तन मंडल की ओर से श्री राधाकृष्ण मंदिर मारबाड़ीगंज में नन्दोत्सव का आयोजन हुआ। जगदीश भाटिया, नेहा खंडेलवाल, शिवकुमार सिंह, निष्काम पाण्डेय, रुचि शुक्ला, सविता सिंह, संजीव सक्सेना, कौशिक टंडन ने भजन प्रस्तुत किए। वन मंत्री अरुण कुमार, संजीव अग्रवाल, एसपी सिटी मानुष पारिक, गरिमा कमांडो, सभासद राजेश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, मोहन गुप्ता, जुगल किशोर, प्रेमशंकर अग्रवाल, प्रेमशंकर, अरविंद गोयल, नवीन गोयल, विकास शर्मा, कैलाश शर्मा, धर्मेंद्र मित्तल, सोमेश आर्या, विवेक शरन, नरसिंह मोदी आदि मौजूद रहे।

वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के लिए भोजन की व्यवस्था की

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संस्थान ने काशी धाम वृद्धाश्रम में जन्माष्टमी के बाद बुजुर्गों के लिए भोजन की व्यवस्था की। संस्थान की संरक्षक प्रियवंदा मिश्रा ने बुजुर्गों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं अन्य जरूरतों की जानकारी ली। संस्थान की अध्यक्ष नीलिमा पाठक ने कहा कि हमें ईश्वर ने आपकी सेवा का अवसर प्रदान किया है। कोषाध्यक्ष विपिन शर्मा, दीपक गौतम, डॉ ब्रजेश पाठक, वृद्धाश्रम के प्रबंधक कृष्ण गोपाल, दीपक गौतम, विपिन शर्मा, शिवलेस पांडे, हरीश मिश्रा, शिवकुमार शर्मा, नितिन शर्मा, मधु शर्मा, संतोष शर्मा, मधु अवस्थी, अनीता शर्मा आदि ने सहयोग किया।

आयोजन

आईएमए की ओर से आयोजित लीग के सीजन– 1 में कुल 12 टीमों ने किया प्रतिभाग

वालीबॉल लीग में दिखा डॉक्टरों का जज्बा, चंद्रलोक चैलेंजर्स विजेता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से पहली बार वालीबॉल लीग का आयोजन डोहरा रोड स्थित आईएमए फॉर्म में रविवार को किया गया। इसमें 12 टीमों के कुल 150 डॉक्टरों ने प्रतिभाग किया। लीग में डॉक्टरों का जज्बा और जोश देखने को मिला। इसमें विजेता चंद्रलोक चैलेंजर्स बनी।

सुबह 8 बजे से लीग मैचों की शुरुआत हुई। जिसमें पुरुष टीम को दो पूलों में बांटा गया। जिनमें से चार टीमें सेमीफाइनल तक पहुंचीं। फाइनल मुकाबला रोमांचक और कांटे की टक्कर का रहा, जिसमें डॉ. हिमांशु अग्रवाल के नेतृत्व वाली चंद्रलोक चैलेंजर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बरेली एमआरआई टाइगर्स को हराकर पहला खिताब अपने नाम किया। पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में डॉ. आरपी सिंह और डॉ. अनिल गंगवार और फाइनल में डॉ. अंकित गुप्ता मैन ऑफ द मैच रहे। बच्चों की टीम में डॉ. अरशद की टीम के श्रेयांश गंगवार और महिलाओं में डॉ. ओला सक्सेना को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं बच्चों की श्रेणी में डॉ. अरशद अली और डॉ. शाहिद अली की राइजिंग किड्स ने न्यूरो किड्स को हराकर विजय प्राप्त की।

महिला वर्ग में डॉ. मेघा टंडन की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए खिताब जीता। आयोजन में विशेष रूप से अध्यक्ष डॉ. आरके सिंह, पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनोद पागरानी, चेयरमैन, स्पोर्ट्स डॉ. परमेंद्र माहेश्वरी, सचिव डॉ. रतनपाल सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. शिवम कमथान मौजूद रहे। सभी वरिष्ठ चिकित्सकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और विजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल और पुरस्कार प्रदान किए।

वालीबॉल लीग की ट्राफी के साथ चंद्रलोक चैलेंजर्स की टीम, साथ में अतिथि। ● अमृत विचार

प्रतियोगिता में इन टीमों ने किया प्रतिभाग

प्रतियोगिता में बरेली एमआरआई टाइगर्स (डॉ. मनीष गोयल), एसआर वॉरियर्स (डॉ. रतनपाल सिंह), आरके स्मैशर्स (डॉ. सुमित मेहरा), बरेली न्यूरो टाइटंस (डॉ. मोहित गुप्ता), मनोज चेस्ट गोल्डन्स (डॉ. मनोज अग्रवाल), नवाकिस (डॉ. कर्मेंद्र सिंह), चंद्रलोक चैलेंजर्स (डॉ. हिमांशु अग्रवाल) और प्रताप ईगल्स (डॉ. वीरेंद्र प्रताप) जैसी प्रमुख टीमों ने भाग लिया। बच्चों की श्रेणी में न्यूरो किड्स (डॉ. शशांक) और राइजिंग किड्स, जबकि महिला वर्ग में डीजी हॉस्पिटल (डॉ. गीता गंगवार) और डॉ. मेघा टंडन की टीमें प्रमुख रहीं।